**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शुक्रवार** **दिनांक 12.12.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- **देश में वर्ष दो हजार सत्ताईस में दो चरणों में होगी जनगणना–केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने इस जनगणना के लिए आज बजट को दी मंजूरी।**
- **सुकमा जिले में छह महिलाओं सहित दस माओवादियों ने किया आत्ममसर्पण।**
- **बस्तर ओलंपिक के कल होने वाले समापन समारोह में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना प्रस्तावित।**
- **प्रदेश के सभी जिला और व्यवहार न्यायालयों में कल होगा लोक अदालत का आयोजन।**

**<u>केन्द्रीय मंत्रिमंडल–जनगणना बजट</u>**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जनगणना–दो हजार सत्ताईस के लिए ग्यारह हजार सात सौ अट्ठारह करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से कहा कि जनगणना–दो हजार सत्ताईस दो चरणों में कराई जाएगी। यह देश की सोलहवीं और आजादी के बाद से आठवीं जनगणना होगी। श्री वैष्णव ने कहा कि भारत की जनगणना विश्व की सबसे बड़ी प्रशासनिक और सांखयिकीय प्रक्रिया है। इसके तहत जातिगत गणना भी कराई जाएगी। श्री वैष्णव ने कहा कि यह पहली डिजिटल जनगणना होगी। एंड्रॉइड और आई ओ एस दोनों मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से डेटा संग्रह किया जाएगा। श्री वैष्णव ने कहा कि जनगणना कार्य में तीस लाख कर्मियों को लगाया जाएगा।

**<u>अमित शाह–बस्तर ओलंपिक</u>**

बस्तर ओलंपिक के कल होने वाले समापन समारोह में केन्द्रीय गृह तथा सहकारिता मंत्री अमित शाह का मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना प्रस्तावित है। गौरतलब है कि बस्तर ओलंपिक के तहत संभाग स्तरीय प्रतियोगिताएं कल ग्यारह दिसंबर से शुरू हुई हैं। इनका शुभारंभ कल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जगदलपुर में किया था। संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं में कुल आठ टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें बस्तर संभाग के सभी सातों जिलों के अलावा आत्मसमर्पित नक्सली और नक्सली पीड़ितों की एक टीम भी शामिल है। बस्तर ओलंपिक के तहत कुल ग्यारह खेलों की प्रतिस्पर्धाएं हो रही हैं। इनमें एथलेटिक्स, तिरंदाजी, हॉकी, कबड्डी, फुटबॉल, खो–खो, बॉलीबॉल, बैडमिंटन, कराते, रस्साकशी और वेटलिफ्टिंग शामिल हैं। इन प्रतिस्पर्धाओं में करीब साढ़े तीन हजार खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

**<u>माओवादी–आत्मसमर्पण</u>**

सुकमा जिले में आज दस माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें छह महिला माओवादी भी शामिल हैं। इन सभी माओवादियों पर कुल तैंतीस लाख रुपए का इनाम घोषित था। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पी. ने बताया कि इन माओवादियों ने एक एके फोर्टी सेवन, दो एसएलआर रायफल, एक स्टेन गन, एक बीजीएल लॉन्चर के साथ आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पित माओवादियों को शासन की पुनर्वास नीति के तहत पचास–पचास हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। आत्मसर्मपण करने वाले इन दस माओवादियों ने आज सुकमा स्थित पुनर्वास केन्द्र में पौधारोपण भी किया। इस पौधारोपण स्थल को **''वायान वाटिका''** के नाम से जाना जाता है, जिसका अर्थ हिन्दी में ''आशा और भविष्य की बगिया'' होता है।इधर, गरियाबंद जिले के इंदरगांव थाना क्षेत्र के ओडिशा सीमा से सटे अमली जंगल में सुरक्षा बलों ने विस्फोटक सामान बरामद कर उसे मौके पर ही नष्ट कर दिया। वहीं, बीजापुर जिले में माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से एक ग्रामीण महिला घायल हो गई है।

**<u>शिक्षा मंत्री–समीक्षा बैठक</u>**

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी शिक्षक और कर्मचारियों के लिए ऑनलाइन बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य की जाए। उन्होंने बताया कि समय पर उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए विभाग द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है। श्री यादव ने स्कूल शिक्षा विभाग की संभाग स्तरीय बैठक ली। इस

अवसर पर उन्होंने स्कूलों के निरीक्षण के लिए तैयार ऐप को लांच किया। मंत्री श्री यादव ने सभी जिलों को अगले तीन वर्षों के लिए एक समग्र कार्ययोजना तैयार करने के लिए कहा। इस बीच, स्कूल शिक्षा मंत्री श्री यादव ने कल दुर्ग में अग्निवीर भर्ती की ऑनलाइन लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण उनतीस अभ्यर्थियों को सम्मानित किया।

**लोक अदालत**

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदेश के सभी जिला और व्यवहार न्यायालयों में कल तेरह दिसंबर को लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह इस वर्ष की अंतिम लोक अदालत होगी। लोक अदालत में लंबित आपराधिक प्रकरणों के साथ ही मोटर दुर्घटना प्रकरण, विवाह संबंधी विवाद, जल कर, संपत्ति कर, राजस्व संबंधी प्रकरण, ट्रैफिक चालान, बैंक और विद्युत संबंधी प्री—लिटिगेशन के अलावा आबकारी से संबंधित प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

**एसआईआर**

भारत निर्वाचन आयोग ने छत्तीसगढ़ में गणना फॉर्म भरने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अट्ठारह दिसंबर तक कर दिया गया है। इस तरह छत्तीसगढ़ में अब लोग अपने गणना प्रपत्र अट्ठारह दिसंबर तक भरकर बीएलओ के पास जमा कर सकते हैं।

इस बीच, दुर्ग के जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह ने बताया कि दुर्ग जिले में गणना प्रपत्रों के संग्रहण और उनके डिजिटलीकरण का कार्य शत—प्रतिशत कर लिया गया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार एक सप्ताह के अतिरिक्त समय का उपयोग अनुपस्थित पाए गए स्थानांतरित हो चुके या जिनकी मृत्यु हो चुकी है, ऐसे मतदाताओं से संबंधित दस्तावेजों को अपडेट करने में किया जाएगा। मतदाता सूची को त्रुटि रहित बनाने के लिए राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट—बीएलए की मदद भी ली जा रही है।

**सांसद—कला संगीत विवि**

राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडे ने लोकसभा में खैरागढ़ स्थित इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान किए जाने की मांग रखी है। सांसद ने कहा कि इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय भारतीय शास्त्रीय संगीत, ललित कला, नृत्य, संस्कृति और शोध का प्राचीन और प्रतिष्ठित केंद्र है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के ऐतिहासिक महत्व, अकादमिक उत्कृष्टता तथा कला—संरक्षण में इसके योगदान को देखते हुए इसे केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जाना आवश्यक है। यह कदम क्षेत्र के कलाकारों, शोधकर्ताओं, विद्यार्थियों तथा संपूर्ण सांस्कृतिक विरासत के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा।

**बातों—बातों—में**

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों—बातों में'' इस बार **राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित हीराबाई झरेका बघेल और बसंत विकास साहू से ली गई** विशेष भेंटवार्ता का प्रसारण कल तेरह दिसंबर को एफ.एम. और प्राईमरी चैनल पर सुबह नौ बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

**रायपुर साहित्य उत्सव**

आगामी तेईस जनवरी से नवा रायपुर में होने वाले रायपुर साहित्य उत्सव के लिए राज्य शासन ने सलाहकार समिति का गठन कर दिया है। इस समिति में नौ सदस्य बनाए गए हैं। समिति में सदस्य के रूप में अनंत विजय, डॉक्टर सुशील त्रिवेदी, सतीश कुमार पंडा, जयमति कश्यप, संजीव कुमार सिन्हा, शंशाक शर्मा, पंकज कुमार झा और विवेक आचार्य को भी शामिल किया गया है। यह समिति रायपुर साहित्य उत्सव के सफल और प्रभावी आयोजन के लिए विशेष सलाह देगी। इसके साथ ही साहित्यकारों के चयन और आयोजन के विषयों पर भी आयोजकों को सहयोग करेगी। जनसंपर्क संचालनालय के आयुक्त डॉक्टर रवि मित्तल समिति के सदस्य सचिव होंगे। गौरतलब है कि रायपुर साहित्य उत्सव का आयोजन नवा रायपुर में तेईस से पच्चीस जनवरी तक होगा, जिसमें देशभर से सौ से अधिक प्रतिष्ठित साहित्यकार शामिल होंगे। इस उत्सव में कुल ग्यारह सत्र शामिल होंगे, जिनमें साहित्यकारों और प्रतिभागियों के बीच सीधा संवाद और विचार—विमर्श होगा।

**स्वच्छता दीदी–ई–रिक्शा**

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कोरबा में आयोजित कार्यक्रम में अस्सी स्वच्छता दीदियों को ई–रिक्शे का वितरण किया। इस अवसर पर श्री देवांगन ने कहा कि शहर की स्वच्छता में हमारी स्वच्छता दीदियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**पर्यटन बोर्ड–स्लोगन प्रतियोगिता**

छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड द्वारा राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर पन्द्रह दिसंबर तक ऑनलाइन स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन स्थलों को नये रूप में सामने लाना है। प्रतिभागियों को छत्तीसगढ़ के पर्यटन, संस्कृति, सौंदर्य, विरासत पर स्लोगन लिखना होगा। प्रतियोगिता में सोलह वर्ष या उससे अधिक आयु के प्रतिभागी ऑनलाइन माध्यम से अपनी प्रविष्टि भेज सकेंगे। विजेताओं की घोषणा उन्नीस दिसंबर को की जाएगी। विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाणपत्र दिए जाएंगे।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>